>Title: Need to improve telephone services in Banaskatha Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गुजरात के बनासकांठा की तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस क्षेत्र में जिन लोगों ने 1992 में टेलीफोन के लिए आवेदन किया था और पैसा जमा किया था उन्हें आठ साल के बाद अभी तक टेलीफोन नहीं मिला है जबकि इस संसदीय क्षेत्र में 1300 गांव हैं और केवल 120 ग्रामों में टेलीफोन एक्सचेंज की व्यवस्था है और जो टेलीफोन लगे हैं उसमें 60 प्रतिशत के करीब टेलीफोन खराब रहते हैं।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में टेलीफोन की प्रतीक्षा सूची को समाप्त किया जाये और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन की सुविधा दी जाये और टेलीफोन कम खराब हो, ऐसी व्यवस्था की जाये।